प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 01.02.2025 समय : 01:00 पी.एम.

- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज 2025–26 का केंद्रीय बजट पेश किया–बजट में किसानों के लिए धनधान्य कृषि योजना की घोषणा की गई।
- व्यक्तिगत आयकर दाताओं के लिए 12 लाख रूपये की सालाना आय पर कोई टेक्स नहीं।
- आरएएस प्री परीक्षा 2024 कल आयोजित होगी–प्रदेशभर में 2 हजार से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए।
- विश्व पुस्तक मेला नई दिल्ली में आज से शुरू हुआ–जयपुर में चल रहे जयपुर लिट्रेचर फेस्टिवल में बडी संख्या में जुटे साहित्य प्रेमी।

.............................................................................

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज लोकसभा में 2025–26 का केंद्रीय बजट पेश किया। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि इसमें प्रस्तावित विकास उपाय गरीब, युवा, किसान और महिलाओं को ध्यान में रखकर दस व्यापक क्षेत्रों तक फैला हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में रोजगार आधारित विकास को सक्षम बनाना है। वित्त मंत्री ने घोषणा की कि किसानों के लिए धनधान्य कृषि योजना शुरू की जायेगी। योजना के तहत सिंचाई की सुविधाओं में सुधार किये जायेंगे तथा दीर्घ और लघु अवधि के ऋण की उपलब्धता को सुविधाजनक बनाया जायेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि अब किसान केडिट कार्ड के माध्यम से पांच लाख रूपये तक का ऋण दिया जायेगा। पहले यह सीमा तीन लाख रूपये तक थी। कपास उत्पादकता बढाने और दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए मिशन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि उच्च पैदावार, कीटरोधी तथा जलवायु अनुकूल बीजों को तैयार करने के लिए उच्च पैदावार बीज मिशन शुरू किया जायेगा। इसके अलावा घर–घर नल से जल पंहुचाने वाले जल जीवन मिशन को वर्ष 2028 तक बढाया जायेगा।
वित्त मंत्री ने करदाताओं को छूट देते हुए घोषणा की कि 12 लाख रूपये तक की सालाना आय पर कोई कर नहीं देना होगा। वेतनभोगी करदाताओं के लिए ये सीमा 75 हजार रूपये की मानक कटौती के कारण 12 लाख 75 हजार रूपये होगी।

.............................................................................

वित्तमंत्री ने कहा कि सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए ऋण सीमा को पांच करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ रूपये किया जाएगा। उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत सूक्ष्म उद्यमों के लिए पांच लाख रूपये की सीमा वाले विशेष केडिट कार्ड शुरू किये जायेंगे। स्टार्टअप के लिए ऋण सीमा 20 करोड़ रुपये तक की जायेगी। वित्त मंत्री ने घोषणा की कि अगले पांच वर्षों में दो करोड़ रुपये तक के सावधि ऋण के साथ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिला उद्यमियों के लिए नई योजनाएं शुरू की जाएंगी। इसके साथ ही भारत को खिलौना निर्माण का वैश्विक केंद्र बनाने की योजना लागू की जाएगी। इस योजना से उच्च गुणवत्ता वाले अनूठे और पर्यावरण अनुकूल खिलौने बनाये जायेंगे। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि देशभर के सरकारी स्कूलों में 50 हजार अटल टिंकरिंग लैब बनाई जायेगी। साथ ही सभी सरकारी माध्यमिक स्कूलों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जाएगी। मेक इन इंडिया के तहत कौशल विकास के लिए देश में पांच राष्ट्रीय केंद्र बनाये जायेंगे। वित्त मंत्री ने एआई शिक्षा के लिए उत्कृष्टता केंद्र बनाने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि अगले तीन वर्षों में सभी जिलों में कैंसर केंद्र और कैंसर के इलाज के लिए डे–केयर सेंटर बनाये जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार एक करोड़ गिग वर्कर्स को ई श्रम पोर्टल से जोडा जायेगा। इसके तहत ऑनलाईन प्लेटफॉर्म प काम करने वाले लोगों के आई.डी कार्ड बनाये जायेंगे तथा उन्हें जन आरोग्य योजना से जोडा जायेगा। वित्त मंत्री ने देश में 120 नए स्थानों को

जोड़ने के लिए संशोधित उड़ान योजना शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेजों और आईआईटी संस्थानों में सीटे बढाई जायेंगी।
बजट में बीमा क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को 74 से बढाकर 100 प्रतिशत किये जाने की भी घोषणा की गई।

...............................................................................

बजट को लेकर पक्ष विपक्ष के कई नेताओं की प्रतिक्रिया मिली है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ये बजट मोदी सरकार की दूरदर्शिता का ब्ल्यू प्रिंट है। इधर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बजट को समावेशी बताया। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि बजट में आर्थिक विकास, सामाजिक समावेश और पर्यावरण संरक्षण का संतुलन देखने को मिला है। राज्य के ऊर्जा मंत्री हीरा लाल नागर ने बजट में आयकर में दी गई राहत की सराहना करते हुए बजट को प्रगतिशील बताया।

...............................................................................

उधर विपक्ष ने बजट की आलोचना करते हुए कहा है कि इसमें मध्यम वर्ग और युवाओं के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि बजट में बेरोजगारी की समस्या और युवाओं से जुड़े अन्य मुद्दों पर चर्चा नहीं की गई है। वहीं तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि बजट में मध्यम वर्ग के लिए कुछ नहीं है और सरकार केवल जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है।

...............................................................................

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आरएएस प्री परीक्षा 2024 कल आयोजित की जायेगी। परीक्षा के लिए प्रदेशभर में 2 हजार 45 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। परीक्षा के लिए 6 लाख 75 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि परीक्षा एक ही पारी में दोपहर 12 से 3 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों को एक घंटा पहले तक ही प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा केन्द्र से 100 मीटर के क्षेत्र में स्थित सभी साईबर कैफे और ई–मित्र को परीक्षा के दौरान बन्द करवाने के निर्देश दिए गए है। परीक्षा केन्द्रों पर मोबाईल फोन तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह से वर्जित रहेंगे। परीक्षा खत्म होने से पहले किसी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।

...............................................................................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में भारत मण्डपम में विश्व पुस्तक मेला 2025 का उद्घाटन किया। भारतीय गणतंत्र के 75 वर्ष पूरे होने के सिलसिले में आयोजित इस वर्ष के पुस्तंक मेले का विषय है–हम भारत के लोग। इस वर्ष के पुस्तक मेले में रूस प्रमुख देश के रूप में शामिल है। मेला नौ दिन तक चलेगा और इसमें फ्रांस, अर्जेन्टीना, स्पेन, कोलम्बिया, अबुधाबी और कतर सहित 50 से अधिक देश भाग ले रहे हैं। लगभग दो हजार प्रकाशक और एक हजार वक्ता भी विश्व पुस्तक मेले में हिस्सा ले रहे हैं।

...............................................................................

जयपुर मे चल रहे जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का आज तीसरा दिन है। शनिवार होने के कारण फेस्टिवल में बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी पंहुच रहे है। फेस्टिवल में विभिन्न सत्रों के माध्यम से लेखक और विचारक लोगों से रूबरू हो रहे है। आज 'माई मदर, माईसेल्फ' सत्र में सुप्रसिद्ध लेखिका सुधा मूर्ति और उनकी बेटी अक्षता मूर्ति ने अपने विचार साझा किए। इसके अलावा, महाकवि कन्हैयालाल सेठिया पुरस्कार से कवि बद्रीनारायण को सम्मानित किया गया। राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का भी आज एक विशेष सत्र आयोजित किया जायेगा।

...............................................................................